भारत में कुवांरी माताओं के संबंध में युनिसेफ का प्रतिवेदन

3052. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान युनिसेफ से इस प्रतिवेदन की ओर दिलाया गया है जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि भारत में प्रति-वर्ष कुंवारी माताओं की संख्या में वृद्धि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो सरकार की इस पर या प्रतिक्रिया है;

(ग) इस संबंध में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों तथा शिक्षित एवं अशिक्षित युवा महिलाओं की प्रतिशतता का पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा उन लोगों को सामाजिक दर्जा दिलाने हेतु तैयार की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार द्वारा ऐसे मामलों पर काबू पाने के लिए कोई कानून बनाया गया है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री एस०आर० बोम्मई): (क) जी, नहीं। यूनिसेफ ने बताया है कि उनके द्वारा इस प्रकार की कोई रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की गई है।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

(घ) सरकार अल्पावास गृह स्कीम चला रही है, ताकि पारिवारिक समस्याओं, शोषण आदि के कारण सामाजिक एवं नैतिक खतरों से ग्रस्त महिलाओं तथा लड़कियों को अस्थाई आश्रय एवं पुनर्वास प्रदान किया जा सके। कामकाजी महिला होस्टल, इन्दिरा आवास योजना तथा महिलाओं के लिए प्रशिक्षण और रोजगार जैसी स्कीमों में अविवाहित माताओं तथा परिवार की मुखिया महिलाओं का भी वरीयता के आधार पर चयन किया जाता है।

(ङ) यौन अपराध जैसे बलात्कार तथा विवाह संबंधी अपराधों को भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत कवर किया गया है।

उत्तर प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में कृषि विस्तार की भूमिका के संबंध में सर्वेक्षण

3053. **श्री राजनाथ सिंह:**
श्रीमती मालती शर्मा:

क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में कृषि विस्तार की भूमिका के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार रानीखेत के बासोट विकास केन्द्र के निवासियों को बागवानी, पशुपालन और कृषि संबंधी बेहतर प्रौद्योगिकियां अन्तरण करने हेतु कोई परियोजना आरंभ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार अल्मोड़ा जिले के बासोट गांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कोई अन्तःविषयी दल तैनात करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

कृषि मंत्री (श्री चतुरानन मिश्र): (क) जी, नहीं।

(ख) जहां तक बेहतर कृषि तकनीक का प्रश्न है, वर्तमान में ऐसी किसी प्रकार की विशेष योजना शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। यह कार्य पहले से ही ऐसी चल रही योजनाओं द्वारा पूरा किया जा रहा है।

(ग) 18 जुलाई, 1996 को एक अंतः विषयी दल ने इस क्षेत्र का दौरा किया जिसमें विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान शाला (आई०सी०ए०आर०), अल्मोड़ा एवं जी०बी० पंत कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर के चार वैज्ञानिक एवं कुमाऊं क्षेत्र, नैनीताल के कृषि उपनिदेशक शामिल थे।

(घ) इस दल ने कृषकों के साथ विचार विमर्श किया तथा फसल कीटों, कृमियों एवं मिर्च की खेती से संबंधित समस्याओं पर विचार किया।

केन्द्रीय विद्यालय के चूककर्ता कर्मचारियों का पदस्थापन

3054. **श्री गोविन्दराम गिरी:**
श्री शिव चरण सिंह:

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री 29 नवम्बर, 1996 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 891 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रारंभिक जांच के आधार पर स्थानान्तरित किये